पत्र संख्या–015 / अधि0शै0 / भाविवि / 2026 **दिनांकः 02 अप्रैल, 2026**

कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा पत्र संख्या–007 / अधि0शै0 / भाविवि / 2026, दिनांक 27 फरवरी, 2026 के माध्यम से विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों द्वारा शैक्षिक सत्र 2025–26 के नियमित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत समस्त पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर (द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम एवं अष्टम सेमेस्टर) का पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क (रू0 500/– विलम्ब शुल्क के साथ) जमा करने की तिथि दिनांक 31 मार्च 2026 तक विस्तारित की गयी थी।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् लगभग 487 विद्यार्थियों द्वारा अब तक सेमेस्टर शुल्क जमा करते हुये पंजीकरण नहीं किया गया है।

उपरोक्तानुसार माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त शैक्षिक सत्र 2025–26 के नियमित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत समस्त पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर (द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम एवं अष्टम सेमेस्टर) का पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क जमा करने की **समयसीमा रू0 500/– विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 10 अप्रैल 2026 तक** विस्तारित की जाती है।

अतएव सम सेमेस्टर में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 10 अप्रैल 2026 तक प्रत्येक दशा में रू0 500/– विलम्ब शुल्क के साथ सम सेमेस्टर में पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।

(प्रो0 सौबान सईद)
अधिष्ठाता–शैक्षणिक।

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. वित्त अधिकारी।
4. समस्त शिक्षकों को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे अपने स्तर से समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित करना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षा नियंत्रक
6. नोडल अधिकारी–समर्थ / वेबसाइट एडमिनिस्ट्रेटर।
7. समस्त सूचना पटल।
8. सम्बन्धित पत्रावली / गार्ड फाइल।

अधिष्ठाता–शैक्षणिक।